सन्देश

वाणिज्य कर विभाग प्रदेश के राजस्व का प्रमुख स्त्रोत है । राजस्व संग्रह एक चुनौती भरा कार्य है। सर्वविदित है कि राजस्व प्राप्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों ने हमेशा प्रशंसनीय कार्य किया है।

जहाँ एक ओर अधिकाधिक राजस्व संग्रह प्रदेश के विकास के लिये आवश्यक है वहीं दूसरी ओर करापवंचन पर प्रभावी रोकथाम भी लक्ष्य प्राप्ति के लिये अपरिहार्य है । इसके लिये विभाग में विकसित आनलाइन सेवाएँ / माड्यूल तथा उनसे सम्बन्धित MIS विशेष सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी को यह स्पष्ट रहे कि व्यापारियों का उत्पीड़न एवं अनुशासनहीनता कदापि स्वीकार्य नही होगी । मैं विश्वास दिलाता हूँ कि अनर्गल शिकायतों से किसी को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है परन्तु शिकायतें सही पाये जाने पर कठोरतम कार्यवाही भी की जायेगी । शासकीय कार्य-व्यवहार में दृढ़ता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता नितान्त जरुरी है।

मुझे आशा ही नही वरन् पूर्ण विश्वास है कि विभाग का प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पूर्व से नियत प्राथमिकताओं के अनुरुप योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, विनम्रता तथा उच्च मनोबल के साथ पूर्ण मनोयोग से कर्तव्य निर्वहन सुनिश्चित करेगा।

(मुकेश कुमार मेश्राम)
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।